**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 2082**

**12 दिसंबर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**सोनीपत और हिसार में स्वास्थ्य अवसंरचना का सुदृढ़ीकरण**

**2082. श्री जय प्रकाशः**

**श्री सतपाल ब्रह्मचारीः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) हरियाणा के सोनीपत और हिसार लोक सभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसीएस) के लिए चिकित्सा और शल्य चिकित्सा उपकरणों की खरीद पर कुल कितनी धनराशि व्यय की गई है;

(ख) क्या कई स्वास्थ्य केंद्रों में अभी भी ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, मॉनिटर, अल्ट्रासाउंड मशीन, ऑपरेशन थिएटर उपकरण और प्रयोगशाला मशीनों की कमी है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार उक्त उपकरणों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए राज्य सरकार को अतिरिक्त अनुदान या आपातकालीन सहायता प्रदान करने पर विचार कर रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का उक्त संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में स्वास्थ्य अवसंरचना को मजबूत करने हेतु उपकरणों की खरीद के उक्त लंबित कार्य को पूरा करने के लिए कोई विशेष निगरानी तंत्र स्थापित करने का विचार है; और

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) से (ङ): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को जन स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ करने हेतु कार्यक्रम कार्यान्वियन योजनाओं (पीआईपी) में प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर तकनीकी एवं वित्तीय सहायता प्रदान करता है। भारत सरकार, उपलब्ध मानदंडों और संसाधनों के अनुसार कार्यवाही अभिलेख (आरओपी) के रूप में प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान करती है।

भारत सरकार ने पीएम-केयर फंड के तहत, जिसमें देश के प्रत्येक जिले में कम से कम 1 पीएसए संयंत्र स्थापित करने का अनिवार्य प्रावधान था। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 1225 संयंत्र (1287 पीएसए संयंत्र) स्थापित और

संचालित करने में सहायता प्रदान की। तदनुसार, भारत सरकार द्वारा हरियाणा को 40 पीएसए संयंत्र आवंटित किए गए। सोनीपत और हिसार में स्थापित पीएसए संयंत्रों का विवरण **अनुलग्नक** में है। इसके अलावा, कोविड-19 महामारी के दौरान हरियाणा को 1864 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर आवंटित किए गए हैं, जिनका आंतरिक वितरण और रख-रखाव राज्य प्रशासन के अधीन है।

स्वास्थ्य मंत्रालय राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत 'निःशुल्क निदान सेवा पहल' कार्यक्रम के लिए सहायता प्रदान करता है, जिसका उद्देश्य जेबी खर्च कम कर समुदाय के निकट सुलभ और किफायती पैथोलॉजिकल और रेडियोलॉजिकल निदान सेवाएं प्रदान करना है। सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों के सभी स्तरों पर निदान सेवाएं (उप केंद्रों में 14 परीक्षण, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 63 परीक्षण, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 97 परीक्षण, उप जिला अस्पतालों में 111 परीक्षण और जिला अस्पतालों में 134 परीक्षण) निःशुल्क प्रदान की जाती हैं।

आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने और जन स्वास्थ्य केंद्रों में आये रोगियों के जेबी खर्च (ओओपीई) को कम करने के लिए, सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत नि:शुल्क दवा सेवा पहल शुरू की है। इसमें राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (एसएचसी) स्तर पर 106 दवाओं, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) स्तर पर 172 दवाओं, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) स्तर पर 300 दवाओं, एसडीएच स्तर पर 318 दवाओं और जिला अस्पतालों में 381 दवाओं के लिए वित्तीय सहायता भी शामिल है। एसआईपी के तहत 2025-26 के दौरान मुफ्त दवाओं के लिए **₹946.60 लाख** की राशि अनुमोदित की गई है।

भारतीय जन स्वास्थ्य मानक (आईपीएचएस) एक आवश्यक मानदंड है जो जिला अस्पतालों, उप-जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उप-स्वास्थ्य केंद्रों सहित जन स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों के माध्यम से न्यूनतम आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करते हैं। 2007 में बने और 2012 तथा 2022 में संशोधित ये मानक हाल की जन स्वास्थ्य पहलों के अनुरूप हैं और हमारी स्वास्थ्य प्रणाली का मूलाधार हैं। आईपीएचएस दिशानिर्देश राज्यों को महत्वपूर्ण मानकों की योजना बनाने और उन्हें बनाए रखने में मदद करते हैं, जिससे बेहतर स्वास्थ्य परिणाम प्राप्त होते हैं और स्वास्थ्य प्रणाली में जनता का विश्वास बढ़ता है।

इस मंत्रालय ने आयुष्मान आरोग्य मंदिरों सहित सभी स्तरों की स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों के स्व-मूल्यांकन को सुगम बनाने के लिए एक ओपन-सोर्स टूलकिट और एक वेब-आधारित डैशबोर्ड (www.iphs.mohfw.gov.in) विकसित किया है, जिसे 28 जून, 2024 को आईपीएचएस के तहत लॉन्च किया गया था। आईपीएचएस डैशबोर्ड को जन स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों द्वारा आईपीएचएस 2022 मानकों के अनुपालन की निगरानी के लिए डिज़ाइन किया गया है और यह वास्तविक समय पर अद्यतन सूचना उपलब्ध कराता है, जिससे कमियों की पहचान और समय पर कार्रवाई के लिए निगरानी और डेटा-आधारित निर्णय लेने में मदद मिलती है।

देश के सरकारी अस्पतालों की अवसंरचना के लिए निर्धारित मानदंड भारत सरकार के आईपीएचएस 2022 दिशानिर्देशों के अनुसार हैं। अवसंरचना संबंधी निर्धारित मानदंडों का विवरण निम्न लिंक पर उपलब्ध है:

https://nhsrcindia.org/IPHS2022

कोविड-19 महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के प्रबंधन में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सहायता के लिए एक व्यापक पहल के रूप में आपातकालीन कोविड अनुक्रिया पैकेज (ईसीआरपी) शुरू किया गया था। इस पैकेज से चिकित्सा उपकरणों की त्वरित खरीद, मानव संसाधनों की बेहतर उपलब्धता और महामारी तथा भविष्य की स्वास्थ्य आपात स्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए बेहतर निगरानी और निदान क्षमताओं को बढ़ावा मिला। इस पहल के तहत, हरियाणा राज्य को केंद्र सरकार द्वारा जारी केंद्रीय निर्गम में **ईसीआरपी-I के अंतर्गत 194.95 करोड़ रुपये और ईसीआरपी-II के अंतर्गत 182.42 करोड़ रुपये** की राशि शामिल है।

हरियाणा राज्य ने दवाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने और दवा अभाव को कम करने के लिए औषधि एवं टीका वितरण प्रबंधन प्रणाली (डीवीडीएमएस) कार्यान्वित की है। इससे स्वास्थ्य केंद्रों में स्टॉक की उपलब्धता, वितरण और समाप्ति-तिथि की वास्तविक निगरानी संभव हो पाती है, जिससे डेटा-आधारित निगरानी और समय पर पुनःपूर्ति सुनिश्चित होती है। इस योजना के अंतर्गत दवा-प्रापण, सुदृढ़ खरीद प्रणाली को बेहतर करने/स्थापित करने, गुणवत्ता आश्वासन, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन और भंडारण, नुस्खा-लेखा परीक्षा, शिकायत निवारण, मानक उपचार दिशानिर्देशों का प्रसार और आवश्यक दवाओं की खरीद और उपलब्धता की वास्तविक निगरानी के लिए आईटी-सक्षम प्लेटफॉर्म डीवीडीएमएस (दवा एवं टीका वितरण प्रबंधन प्रणाली) की स्थापना के लिए सहायता उपलब्ध है।

**अनुलग्नक**

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **जिला** | **अस्पताल का नाम** | **संयंत्र की क्षमता (एलपीएम में)** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हरियाणा | हिसार | महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज | 1000 |
| 2. | हरियाणा | हिसार | डीसीएच हिसार | 200 |
| 3. | हरियाणा | हिसार | एसडीसीएच हांसी | 200 |
| 4. | हरियाणा | सोनीपत | बीपीएस गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज | 1000 |
| 5. | हरियाणा | सोनीपत | डीसीएच सोनीपत | 200 |

******